मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-431
03/07/2026

बिहार में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विकास हेतु 1 लाख करोड़ रूपये का दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिए HUDCO के साथ एम0ओ0यू0 ऐतिहासिक कदम – मुख्यमंत्री

मुख्य बिंदु :–

- बिहार में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग तथा HUDCO के बीच 1,00,000 करोड़ रूपये (एक लाख करोड़ रुपये) के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर।
- प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, बेहतर आवासीय सुविधाओं तथा रोजगार के नए अवसरों से युक्त होंगे।
- आधुनिक सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, हरित क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय टाउनशिप विकसित किए जाएंगे।
- यह पहल भविष्य की शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिहार के समग्र विकास का मजबूत आधार बनेगी।

पटना 03 जुलाई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) के बीच राज्य में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विकास हेतु 1 लाख करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम0ओ0यू0) पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्यमंत्री के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार तथा हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने एम0ओ0यू0 का आदान–प्रदान किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज बिहार में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा HUDCO के बीच 1,00,000 करोड़ रूपये (एक लाख करोड़ रुपये) के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किया गया है। यह समझौता बिहार के शहरी विकास के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। राज्य में आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सैटेलाइट टाउनशिप

विकसित किए जाएंगे, जिससे लोगों को बेहतर आवास, उच्चस्तरीय नागरिक सुविधाएं तथा गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में टाउनशीप विकसित किय जायेंगे। किसानों को भी लैंड पुलिंग के माध्यम से इसमें भागीदार बनाया जायेगा। जो भी किसान मुआवजे के लिए आवेदन देंगे उन्हें 30 दिन के अंदर भुगतान किया जायेगा। बिहार सरकार 12 नये टाउनशीप को लेकर हडको के माध्यम से 01 लाख करोड़ रूपये का इन्वेसटमेंट कर रही है। इसके अलावा 06 लाख करोड़ रूपये इन्वेसटमेंट बाहर से किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी पहल से बिहार के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। बड़े पैमाने पर निजी एवं संस्थागत निवेश आकर्षित होगा, निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप में आधुनिक सड़क नेटवर्क, पेयजल, सीवरेज, विद्युत, हरित क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, वाणिज्यिक एवं सामाजिक अधोसंरचना जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि लोगों को विश्वस्तरीय शहरी जीवन उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार योजनाबद्ध, संतुलित एवं समावेशी शहरीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। **HUDCO** के साथ हुआ यह समझौता राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने तथा बिहार को आधुनिक शहरी विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बिहारवासियों का सपना पूरा होगा। हमलोग शहरीकरण के 35 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आज के इस एम0ओ0यू0 के लिए **HUDCO** को धन्यवाद देते है और उम्मीद करते है कि आगे भी बिहार के विकास में **HUDCO** का सहयोग मिलता रहेगा। आज के इस कार्यक्रम के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग एवं **HUDCO** को बधाई देते है।

कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार तथा **HUDCO** के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास एवं आवास सह सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडकलट्टी, नगर विकास एवं आवास विभाग के विशेष सचिव श्री नीलेश रामचन्द्र देवड़े, **HUDCO** के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ सहित नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हडको के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******